मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-05
02/01/2023

# मुख्यमंत्री ने नालंदा जिला जदयू अध्यक्ष सियाशरण ठाकुर के असामयिक निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, **02** जनवरी **2023** :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने नालंदा जिला जदयू अध्यक्ष सियाशरण ठाकुर के असामयिक निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा है कि सियाशरण ठाकुर गहरे रूप से पार्टी से जुड़े हुये थे। पार्टी के कार्यों में उनकी गहरी दिलचस्पी थी। वे पार्टी द्वारा दिये गये कार्यों को बहुत ही जिम्मेदारी एवं लगन से करते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कल हम कल्याण विगहा (नालंदा) गये थे तो उनसे मुलाकात हुई थी, उनसे बातचीत भी हुई थी। उनके निधन के समाचार से मुझे व्यक्तिगत रूप से काफी दुख पहुँचा है। वे अपने क्षेत्र में लोगों के बीच काफी लोकप्रिय थे। सामाजिक कार्यों में उनकी गहरी अभिरूचि थी। उनके निधन से जनता दल (यू0) पार्टी के साथ–साथ सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।

मुख्यमंत्री ने स्व0 सियाशरण ठाकुर के पुत्र श्री प्रदीप ठाकुर से दूरभाष पर वार्ता कर उन्हें सांत्वना दी।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******